कार्यालय प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर
Reaccredited Grade "A" by NAAC
Office Phone/Fax - 07582-404480 Email - heggpgcsag@mp.gov.in

सागर, दिनांक 16 / 01 / 2025

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण निम्नलिखित सूचना अपने कक्षा व्हाटसअप ग्रुप में भेजने का कष्ट करें।

महाविद्यालय की समस्त नियमित अध्ययनरत दिव्यांग छात्राओं (जिनके पास 40% या उससे अधिक विकलांगता प्रमाण–पत्र जीवंत (Updated है) को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त दिव्यांग छात्रवृत्ति सत्र 2024–25 के लिए आवेदन प्रपत्र दिनांक 17 जनवरी 2025 से 30 जनवरी 2025 तक दोपहर 02:30 बजे से 04:30 बजे तक स्वशासी सेल, महाविद्यालय से डॉ. डी. के. गुप्ता एवं डॉ. अपर्णा चाचोंदिया से प्राप्त करें। फार्म लेने आते समय निम्नलिखित दस्तावेज फार्म भरने के लिए आवश्यक रूप से साथ में लेकर आवें –

1. दिव्यांगता दर्शाती हुई स्वयं की फोटो (1)
2. 40% या उससे अधिक विकलांगता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
3. बैंक पासबुक की छायाप्रति स्वयं की जो आधार नम्बर से लिंक हो। (ना होने पर बैंक लिंक करवाकर लाएं)
4. दिव्यांगता UDID नम्बर की छायाप्रति (यदि ना हो तो जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र जिला अस्पताल के पीछे से बनवाकर अनिवार्यतः लाएं अन्यथा छात्रवृत्ति देय नहीं होगी।
5. स्नातक प्रथम वर्ष नवीन आवेदन करने वाली छात्रायें 12वीं की उत्तीर्ण की अंकसूची की छायाप्रति लाएं एवं महाविद्यालय की प्रवेश रसीद की छायाप्रति।
6. नवीनीकरण आवेदक पिछले वर्ष की उत्तीर्ण की हुई अंकसूची की छायाप्रति या ऑनलाइन प्रति लाएं।

नोट – पूर्ण फार्म तैयार करके जमा करने की अंतिम तिथि 05 फरवरी 2025 है जिसे निर्धारित समयावधि में महाविद्यालय के स्वशासी सेल में जमा करें।

16.1.25

(डॉ. अपर्णा चाचोंदिया)	(डॉ. डी. के. गुप्ता)	(डॉ. नवीन गिडियन)
सदस्य, दिव्यांग छात्रवृत्ति	प्रभारी, दिव्यांग छात्रवृत्ति	प्राचार्य